की प्रतिभूतियों और परिसंपत्तियों को लौटाने हेतु कुद्रेमुख आयरन ओर कम्पनी लिमिटेड ने बम्बई स्थित विशेष अदालत में एक याचिका भी दायर की है ताकि के०आई०ओ०सी०एल० द्वारा मैसर्स ए०बी०एफ०एस०एल० से बकाया राशि की प्राप्ति की जा सके।

(च) और (छ) के०आई०ओ०सी०एल० द्वारा मैसर्स ए०बी०एफ०एस०एल० में किये गये निवेश की सूचना प्रतिभूति एवं बैंकिंग कारोबार में अनियमितताओं की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के लिये अक्तूबर, 1992 में वित्त मंत्रालय को भी दे दी गई थी।

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड मुख्य सुधारों के लिये तैयार

4552. **श्री राम जेठमलानी :**
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 21 मई, 1993 के फाइनेंशियल एक्सप्रैस में "सेल सैट फार मेजर, ओवरहाल" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इसके वर्तमान प्रबंधन में बड़े पैमाने पर परिवर्तन करने का निर्णय किया है ;

(ग) यदि उपरोक्त भाग (ख) का उत्तर "हां" हो तो, क्या प्रस्तावित परिवर्तन में इसके मुख्य कार्यालय को उत्पादक एककों के निकट स्थानांतरित करने संबंधी निर्णय भी लिया गया है जिससे निसंदेह प्रभावी निगरानी में गहनता होने के साथ-साथ अन्य खर्चों में भी कमी होगी;

(घ) यदि नहीं, तो ऐसा निर्णय न लेने के क्या कारण हैं ; और

(ङ) सरकार द्वारा अब तक लिये गये निर्णयों के परिणामस्वरूप इस कम्पनी को कुल कितनी वार्षिक बचत होने का अनुमान है ?

इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव) : (क) जी, हां।

(ख) जी, नहीं। तथापि, संगठनात्मक आवश्यकता तथा आंतरिक और बाह्य वातावरण पर निर्भरता के अनुसार स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड द्वारा पृथक-पृथक की प्रबंधकीय आवश्यकता तथा उपयुक्तता के अनुरूप समय-समय पर कुछ परिवर्तन किये गये हैं।

(ग) जी, नहीं।

(घ) 'सेल' के इस्पात संयंत्र और इकाइयां संपूर्ण देश में फैली हुई हैं और निगमित मुख्यालय की किसी विशेष इकाई/संयंत्र के समीप स्थानांतरित करने से कोई विशेष लाभ नहीं होगा।

(ङ) प्रबंधन में परिवर्तनों को सीधे मुनाफे से जोड़ना संभव नहीं है। वर्ष 1989–90 से उत्पादकता और लाभ के साथ 'सेल' के कार्य निष्पादन में वृद्धि की प्रवृत्ति में समग्र रूप से सुधार हुआ है।

Production of silver sheets by Salem Steel Plant

4553. SHRI TINDIVANAM G. VENKATRAMAN:
SHRI J. S. RAJU:

Will the Minister of STEEL be pleased to state:

(a) why it is that Salem Steel Plant is producing Ever Silver sheets only and not pacca steel manufacturing plant; and

(b) what are the hinderance in the way of converting Salem Steel rolling mills into Steel producing plant?